भारत सरकार
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 16
07 दिसम्बर, 2022 के लिए प्रश्न
केरल में उबले चावल का स्टॉक

16. एडवोकेट ए.एम. आरिफ़:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आज की तिथि में, केरल में एफसीआई के गोदामों में कच्चे और उबले चावल के स्टॉक का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या यह सच है कि केरल में एफसीआई के गोदामों में पीडीएस वितरण के लिए उबले हुए चावल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध नहीं है, यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) क्या सरकार ने पीडीएस के माध्यम से वितरण के लिए केरल राज्य को उबले हुए सफेद चावल की आपूर्ति कम कर दी है, यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;
(घ) क्या सरकार का केरल राज्य के लिए उबले हुए चावल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध कराने का विचार है ताकि सार्वजनिक वित्तरण प्रणाली के माध्यम से 50:50 के अनुपात में कच्चे और उबले चावल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके; और
(ड.) क्या सरकार ने केरल राज्य में पीडीएस के तहत रागी और सफेद चने के वितरण के लिए कोई कदम उठाए हैं, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
ग्रामीण विकास तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री
(साध्वी निरंजन ज्योति)

(क): केरल में, दिनांक 29.11.2022 की स्थिति के अनुसार, भारतीय खाद्य निगम के गोदामों में कच्चे और उबले चावल के स्टॉक का ब्यौरा निम्नानुसार है:

कच्चा चावल	98168 टन
उबला चावल	93743 टन

.......2/-

(ख) से (घ): आज की तारीख में, केरल राज्य में पीडीएस वितरण के लिए भारतीय खाद्य निगम के गोदामों में उबले चावल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

(ड.): पायलट परियोजना के रूप में केरल में उचित दर दुकान (एफपीएस) के माध्यम से रागी पाउडर तथा सफेद चना उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं। भारत सरकार द्वारा कर्नाटक से 991 टन रागी की व्यवस्था की जा रही है और केरल सरकार पीडीएस के अंतर्गत वितरण हेतु सफेद चने की व्यवस्था कर रही है।

******